**सं0 ए-35018/8/2011-प्रशा.1** **तार-इनरपावर**

**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग,नई दिल्ली-110001**

**दूरभाष नं0 23715507, फैक्स नं0 23717519**

दिनांक /2012

प्रति

(1) भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
(2) अध्यक्ष, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ।
(3) विद्युत मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन सभी सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/स्वायत्तशासी/सांविधिक निकायों के अध्यक्ष/प्रधान ।
(4) सभी राज्य विद्युत बोर्डों/विद्युत यूटिलिटियों के अध्यक्ष ।
(5) सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के विद्युत सचिव ।
(6) सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति/सभी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों/भारतीय प्रबंधन संस्थानों के प्रधान ।
(7) अध्यक्ष इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड ।
(8) सचिव, पीएसईबी नई दिल्ली।

**विषयः प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध आधार पर केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में, सदस्य (योजना) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करने के सबंध में ।**

महोदय,

मुझे केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) में प्रतिनियुक्ति /अल्पकालिक अनुबंध आधार पर सदस्य(योजना) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करते हुए रिक्ति परिपत्र संख्या क-35018/8/2011-प्रशासन-। दिनांक 23/11/2011 का संदर्भ देने का निदेश हुआ है । आवेदन, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों की सेवा की निबंधन एवं शर्तें) नियमावली, 2005 में समाविष्ट प्रावधानों के संबंध में पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले व्यक्तियों से आमंत्रित किए गए थे। अब केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में सदस्य (योजना) की रिक्ति को पुनः सर्कुलेट करने का निर्णय लिया गया है और निम्नलिखित योग्यता शर्तो को पूरा करने वाले उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैंः

**(क)** (i) **अधिकतम आयु सीमाः** आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को **58 वर्ष**

(ii) **अर्हताएंः** कोई भी व्यक्ति अध्यक्ष सहित, सदस्य के पद पर नियुक्ति के लिए तब तक पात्र नहीं होगा, जबतक कि वह निम्नलिखित पदधारित न होः

(क) केंद्र सरकार/राज्य सरकार के अधीन कम से कम पाँच वर्षों के लिए नियमित आधार पर रू0 18400-500-22400(संशोधन पूर्व) [रू0 37400-67,000+रू0 10,000 का ग्रेड वेतन (संशोधित)] में मुख्य अभियंता अथवा समकक्ष पद या उच्च पद/ वेतनमान;

**अथवा**

(ख) कम से कम 5 वर्ष तक नियमित आधार पर, राज्य विद्युत बोर्ड अथवा अर्द्ध-सरकारी संगठन अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम अथवा स्वायत्तशासी निकाय अथवा सांविधिक निकाय अथवा विश्वविद्यालय या भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान अथवा भारतीय प्रबंधन संस्थान में उपर्युक्त खंड (क) में वर्णित पद के समकक्ष कोई पद; ।

(iii) **अनुभवः** संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम तीन वर्ष का क्षेत्रीय अनुभव ।

**(ख)** इसके अतिरिक्त, समूह 'क' सेवा में कुल 30 वर्ष तथा एसएजी में 3 वर्ष की अर्हता सेवा कर चुके तथा उपर्युक्त वर्णित क्षेत्रीय अनुभव तथा आयु सीमा से संबंधित शर्तों को पूरा करने वाले मुख्य अभियंता अथवा समतुल्य अधिकारी द्वारा भी आवेदन किया जा सकता है ।

2. केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में सदस्य के पद का वेतनमान भारत सरकार के अपर सचिव के पद के समान 22,400-525-24,500 रूपये (संशोधन-पूर्व) [(67,000-79,000 रूपए (संशोधित)] है । इस पद के पदधारी केन्द्र सरकार के नियमों के अनुसार अन्य भत्तों/लाभों के हकदार होंगे ।

3. केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में सदस्य के पद पर नियुक्ति केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों की सेवा की निबंधन एवं शर्तें) नियमावली, 2005 के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 70 में समाविष्ट प्रावधानों के अनुसार की जा रही है ।

4. विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 70(5) में प्रावधान है कि प्राधिकरण के सदस्य योग्य, सत्यनिष्ठ एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों में से नियुक्त किए जाएंगे जिन्हें इंजीनियरिंग, वित्त, वाणिज्य, अर्थशास्त्र अथवा औद्योगिक मामलों से संबधित समस्याओं को सुलझाने का ज्ञान, पर्याप्त अनुभव हो, तथा वे इसमें सक्षम हों, और कम-से-कम एक सदस्य निम्नलिखित प्रत्येक श्रेणी में से नियुक्त किया जाएगा अर्थात-

(क) उत्पादन केन्द्रों के डिजाइन, निर्माण, प्रचालन एवं अनुरक्षण में विशेषज्ञता के साथ इंजीनियरिंग;
(ख) विद्युत के पारेषण एवं आपूर्ति में विशेषज्ञता के साथ इंजीनियरिंग;
(ग) विद्युत के क्षेत्र में अनुप्रयुक्त अनुसंधान;
(घ) अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र, लेखा, वाणिज्य अथवा वित्त ।

5. सदस्य (योजना), सीईए के पद से जुड़े कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व **अनुबंध-1** में दिए गए हैं।

6. सदस्य, केंद्र सरकार द्वारा अपेक्षित समयावधि तक पद पर रहेंगे । इस पद पर नियुक्ति सामान्यतः पाँच वर्षों की अवधि के लिए होगी जो कि पदधारी की सेवानिवृत्ति की तारीख तक सीमित होगी । चयनित अधिकारी केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में स्थायी रूप से अंतर्लयन हेतु पात्र नहीं होंगे ।

7. इन पदों के लिए आवेदकों की पात्रता के निर्धारण हेतु अंतिम तारीख आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख होगी ।

8. अनुरोध है कि पात्र उम्मीदवारों के बीच उपर्युक्त रिक्ति का व्यापक प्रचार किया जाए और उपयुक्त एवं पात्र सेवारत व्यक्तियों, जो इसके लिए इच्छुक हैं और जिन्हें सेवा देने के लिए मुक्त किया जा सकता हो, के विवरण निम्नलिखित दस्तावेजों/सूचनाओं के साथ, संलग्न प्रपत्र (अनुबंध-II) (चार प्रतियों में) में इस प्रकार से अग्रेषित करें कि यह रिक्ति के एम्पलायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर अवर सचिव (प्रशासन), विद्युत मंत्रालय, कमरा नं0 24, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001. के पास पहुंच जाए-

(i) पिछले 5 वर्षों की वार्षिक गोपनीयता रिपोर्ट की सत्यापित प्रतिलिपियां ।

(ii) सतर्कता संबंधी अनुमति प्रमाण-पत्र तथा सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र (जिसे ऐसे अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया गया हो जो उप सचिव, भारत सरकार से नीचे के पद का न हो ) ।

(iii) क्या गत 10 वर्षों में आवेदक पर कोई शास्ति लगाई गई है, और यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा ।

9. अंतिम तारीख के पश्चात प्राप्त अथवा बिना निर्धारित दस्तावेजों/सूचना के प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

भवदीय,

पी.पी बोस

**(पी.पी. बोस)**

**अवर सचिव, भारत सरकार**

दूरभाषः 23715327

**अनुबंध-I**

## सदस्य (योजना), केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व

राष्ट्रीय विद्युत नीतियों का प्रतिपादन; एकीकृत संसाधन आयोजना; संसाधन उपयोग का इष्टतम उपयोग; लघु, मध्यम और दीर्घावधि विद्युत योजनाओं का प्रतिपादन; दीर्घ एवं अल्पावधिक मांग पूर्वानुमान एवं संवेदनशीलता अध्ययन; सामग्री एवं जनशक्ति आयोजना; विद्युत परियोजनाओं के लिए कोयला, तेल और गैस लिंकेज; कोयला मात्रा और गुणवत्ता नियंत्रण; ईंधन तेल/तरल ईंधन आपूर्तियों का समन्वयन; विद्युत मांग वृद्धि हेतु सर्वेक्षण ; मांग पूर्वानुमान के लिए आर्थिक मॉडल हेतु आनुषांगिक पैरामीटरों की पहचान एवं जांच; विद्युत क्षेत्र के आंकड़ों का संग्रहण, संकलन और प्रकाशन; नई प्रौद्योगिकियों के सहयोग से संसाधनों/ईंधन उपलब्धता और ईंधन दक्षता का प्रतिभूतिकरण; अति सक्रिय प्रौद्योगिकी पूर्वानुमान संबंधी दृष्टिकोण; विद्युत क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास; अनुसंधान और विकास कार्यों, ऊर्जा संरक्षण में संलग्न बहुस्तरीय एजेंसियों के साथ समन्वयन; ऊर्जा लेखा परीक्षा; ताप विद्युत परियोजनाओं के पर्यावरणीय पहलू आदि ।

****************

अनुबंध-2

## केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में सदस्य (योजना) के पद हेतु आवेदन पत्र

### भाग-।

### जीवन वृत्त

| | | |
|---|---|---|
| 1. नाम व पता दूरभाष नंबर सहित (स्पष्ट अक्षरों में) | | |
| 2. जन्म तिथि (ईस्वी सन में) | | |
| 3. केंद्र/राज्य सरकार/मूल संगठन नियमावली के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तिथि | | |
| 4. शैक्षिक योग्यता | | |
| 5. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएं पूरी कर ली गई हैं । (यदि किसी शैक्षिक योग्यता को नियमों में वर्णित किसी शैक्षिक योग्यता के समकक्ष माना गया है तो उसके प्राधिकारी का उल्लेख करें) | अपेक्षित योग्यताएं/ अनुभव | अधिकारी की योग्यताएं/अनुभव |
| | (1)<br>(2)<br>(3) | |
| 6. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के मद्देनज़र क्या आप पद संबंधी आवश्यकता पूरी करते हैं | | |

7. कालानुक्रम में रोजगार के ब्यौरे । यदि नीचे स्थान अपर्याप्त है, तो अलग से एक स्वःप्रमाणित कागज संलग्न करें

| कार्यालय/संस्थान/ संगठन | धारित पद | से | तक | वेतनमान एवं मूल वेतन | कार्यों की प्रकृति (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| | |
|---|---|
| 8. वर्तमान रोज़गार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अनुबंध आधार पर या स्थायी | |
| 9. यदि वर्तमान रोज़गार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर है तो कृपया बताएं-<br><br>क) आरंभिक नियुक्ति की तिथिः<br>ख) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर नियुक्ति की अवधि<br>ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं | |

| | |
|---|---|
| 10. वर्तमान रोज़गार के बारे में अतिरिक्त ब्यौरे<br><br>कृपया बताएं कि आप किसके अंतर्गत कार्य कर रहे हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम दर्शाएं)<br><br>क) केंद्र सरकार<br>ख) राज्य सरकार<br>ग) स्वायत्तशासी संगठन<br>घ) सरकारी उपक्रम<br>ड.) विश्वविद्यालय/भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान/भारतीय प्रबंधन संस्थान<br>च) अन्य | |
| 11. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं ? यदि हां, वह तिथि बताएं जब से संशोधन हुआ है और संशोधन पूर्व वेतनमान भी दर्शाएं | |
| 12. अब प्रतिमाह आहरित की जा रही कुल परिलब्धियां | |
| 13. कोई अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो तो, जो आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में देना चाहें ।<br><br>(अन्य बातों के साथ-साथ (I) अतिरिक्त शैक्षिक योग्यताएं (II) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (III) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में उपर्युक्त वर्णित कार्य अनुभव से अधिक अनुभव होने के संबंध में सूचना प्रदान कर सकते हैं )<br>(नोट- यदि स्थान अपर्याप्त है तो अलग से कागज संलग्न करें) । | |
| 14. टिप्पणियां (आवेदक (I) अनुसंधान प्रकाशन और रिपोर्ट एवं विशेष परियोजनाएं (II) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/कार्यालयी सम्मान(III)व्यावसायिक निकायों/संस्थानों/सोसायटियों के साथ संबद्धता और (iv) कोई अन्य सूचना दर्शा सकते हैं।<br><br>(नोट- यदि जगह पर्याप्त नहीं है तो कृपया एक अलग कागज संलग्न करें) | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को भली-भांति पढ़ लिया है और मुझे इस बात की पूरी जानकारी है कि प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों द्वारा विधिवत रूप से समर्थित मेरे जीवनवृत्त का, पद चयन के समय, चयन समिति के द्वारा भी मूल्यांकन किया जाएगा ।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर
पताः...............................
दूरभाष/मोबाइल नं0...............
फैक्स नं0.......................

नियोक्ता के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालयी मुहर सहित प्रतिहस्ताक्षर